हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 5 नवम्बर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

acerpure
An Acer Group Company

acerpure नियो टीवी.
असली एक्सान हीरो.

Up To ₹ 10,000/- cashback offer*
4 years warranty*

WOW WALI DIWALI

pure vision
See Beyond the Orinary
with 1.07 billion colours

NEO LED TV
32" 40" 43" 55" 65" 75" 85" 100 FHD/UHD/QLED

Rs. 2,10,000
85" NEO LED TV

Rs. 3,20,000
100" NEO LED TV

acerpure
An Acer Group Company
Air Conditioner
CHILL
NEO AC
Thanda's cooling has turned into a group nap!
7-in-1 Convertible Cooling
#BringHomeTheCelebration

LAXMI ELECTRONICS & SHOPPING MALL
Malviya Road, Raipur, Ph: 0771-2210000 Mo: 7000477757
Main Road, Katora Talab, Raipur, Mo: 9826139800

JAI BABA KISHARAM ENTERPRISES
AUTHORISED DISTRIBUTOR (C.G.) Mr. Rajesh Vaswani 9893090009
OPPO MOBILE - SAJA / BEMETARA
7828002600, 9575832859, 9893314137

डॉ.संदीप केंद्रीय अध्ययन मंडल में विषय विशेषज्ञ किए गए मनोनीत



कोरबा। शासकीय पीजी कॉलेज के वनस्पतिशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ संदीप शुक्ला को विषय विशेषज्ञ के रूप में मनोनयन करते हुए केंद्रीय अध्ययन मंडल में शामिल किया गया है। उनके मनोनयन की अधिसूचना छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित की गई है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा-34 (क) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा तीन वर्षों के लिए निर्धारित की गई है, जिसमें वे संबंधित विषय पर अपने अनुभव एवं शिक्षकीय ज्ञान के माध्यम से से प्रदेश की उच्च शिक्षा को बेहतर आयाम पर पहुंचाने प्रयासरत रहेंगे।

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में निहाल ने दो गोल दागकर टीम को दिलाई जीत



कोरबा। बालको टाउनशिप हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 11वीं का छात्र निहाल कुमार बरेठ छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता 21 अक्टूबर से 1 नवंबर तक राजधानी में आयोजित की गई। उन्होंने मेनपाट टाइटन टीम का हिस्सा बनकर मेनपाट टाइटन को विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाई। मेनपाट टाइटन टीम ने कई जाने-माने ओलंपियाड और इंटरनेशनल खिलाड़ियों ने शिरकत की। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में संकारधानी स्टाइकर टीम से मेनपाट टाइटन टीम के बहुत ही रोमांचक मुकाबले में 4-2 से मेनपाट टाइटन ने इस हॉकी टूर्नामेंट को विजयी बनाकर अपने नाम कर लिया। इस प्रतियोगिता में जिले के छात्र इस टूर्नामेंट के लीग मैच में 2 गोल मारकर अपनी अहम भूमिका निभाई।

कृष्णौद यादव समाज की बैठक संपन्न महासभा सम्मेलन पर हुई चर्चा



कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सातगढ़ कृष्णौद यादव विकास समिति जिला का बैठक गुरसिंया सर्किल अध्यक्ष गणेश यादव द्वारा पोडी उपरोडा के मरखी माता मंदिर में रविवार को आयोजित किया गया। बैठक का शुभारंभ श्री राधाकृष्ण, ईष्ट देव एवं छत्तीसगढ़ महतारी कि पूजन पश्चात किया गया। बैठक बगबुडा एवं करर सर्किल के मध्य हुआ, सामाजिक चर्चा एवं सभी सर्किलों को सामाजिक रीति-रिवाजों सहित नियमावली से चलने कि सलाह दी गई।



खाद्य, औषधि एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने कटघोरा के मुरली होटल में लिया सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

त्योहारों के सीजन में आम जनता की सेहत के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग लगातार एक्शन मोड में है। जिले में मिलावटखोरों और अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमार कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन की टीम द्वारा लगातार अलग-अलग होटलों, मिष्ठान भंडारों और खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। कटघोरा स्थित मुरली होटल से काजू बर्फी, श्याम होटल से गुलाब जामुन व समोसे, तथा नेतम होटल से समोसे समेत कई प्रमुख दुकानों से मिठाइयों और स्नैक्स के संदेहास्पद नमूने जब्त किए गए हैं, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। नवीनतम रिपोर्ट्स के अनुसार, खाद्य विभाग द्वारा लिए गए नमूनों की जांच में चौकाने वाले खुलासे हुए हैं, जहाँ कुल 120 खाद्य नमूनों में से 20 सैंपल गुणवत्ता परीक्षण में फेल (अमानक) पाए गए हैं। इनमें कई बड़े ब्रांड्स के उत्पाद भी शामिल हैं, जिसके बाद प्रशासन ने मानकों के खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त वैधानिक मामले (केस) दर्ज कर आगे की बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मामलों पर लगातार की जा रही कार्रवाई

खास बात

- त्योहारी सीजन में मिलावट पर शिकंजा, गुणवत्ता जांच में हर छठा सैंपल फेल



सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। दो दिन पूर्व ही कोरबा शहर के चार दुकानों के खिलाफ टीम के द्वारा 13 हजार रुपए के जुर्माना लगाने की कार्यवाही की थी। लगातार त्यौहारी सीजन में हो रही इस कार्यवाही से आम जनता के सामने जहां मिलावट का खुलासा हो रहा है तो वहीं व्यवयासियों में भी हड़कंप मचा हुआ है। पिछले निरीक्षण अभियानों और अभियानों के दौरान नियमों का उल्लंघन करने और अमानक सामग्री बेचने वाले प्रतिष्ठानों पर मौके पर ही जुर्माना वसूलने के साथ-साथ कड़े कानूनी प्रकरण भी दर्ज किए जा रहे हैं। हाल ही में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर हजारों रुपये का जुर्माना लगाया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि त्योहारी सीजन के मद्देनजर मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए यह जांच अभियान पूरे जिले में लगातार जारी रहेगा। मानक स्तर पर खरे नहीं उतरने वाले और बिना स्वच्छता

दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर हत्या के प्रयास, बलवा सहित विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज

रेत से भरे ट्रैक्टर को रोकने के विवाद में दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष, 10 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीती रात को रेत से भरे ट्रैक्टर को खाली कराने के नाम पर दो गुटों में कहासुनी हुई और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मामला खूनी संघर्ष तक पहुंच गया। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ हत्या का प्रयास, बलवा सहित विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर दोनों पक्षों से 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी दशहरा मैदान के पास रेत से भरे ट्रैक्टर को रोकने एवं रेत खाली कराने की बात को लेकर सोमवार की रात दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी, बेल्ट एवं अन्य वस्तुओं से हमला कर दिया, जिसमें कई लोगों को चोटें आईं। प्रथम पक्ष के प्रार्थी ढोढीपारा निवासी राजेन दास द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके ट्रैक्टर चालक को यशवंत कश्यप उर्फ लक्की, संतोष चंद्रा एवं विक्रम कश्यप ने अपने साथियों के साथ रोककर रेत खाली करने की बात पर विवाद एवं गाली-गलौज की। चालक की सूचना पर जब राजेन दास



पुलिस गिरफ्त में मारपीट के आरोपी।

अपने साथियों के साथ बुधवारी मैदान के पास पहुंचा, तो आरोपियों द्वारा एकजुट होकर डंडा, चूड़ा एवं पंच से प्राणघातक हमला किया गया, जिससे राजेन दास सहित अन्य लोगों को चोटें आईं। वहीं दूसरी ओर प्रार्थी विक्रम कश्यप निवासी कांशीनगर द्वारा भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ट्रैक्टर से रेत खाली कराने की बात पर हुए विवाद के दौरान दीपक सिंह, सोहेब अहमद, गौरीलाल चौहान, पुरनदास महंत, आदित्य सिंघानिया, राजेन उर्फ राजेन्द्र दास एवं यश पाटले द्वारा एक राय होकर गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का, चमड़े के बेल्ट से हमला किया गया। घटना की सूचना मिलते ही सीएसईबी चौकी व थाना सिविल लाइन रामपुर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सामान्य मारपीट की घटना के मामले में हत्या के प्रयास का माला दर्ज करने की कार्यवाही को लेकर भी चर्चा सरगर्म रही।

इन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल दस आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें कांशीनगर निवासी यशवंत कश्यप उर्फ लक्की पिता संतोष कश्यप, उम्र 26 वर्ष, विक्रम कश्यप पिता संतोष कश्यप उम्र 23 वर्ष, बुधवारी बाजार निवासी संतोष चंद्रा पिता हेमलाल चंद्रा, उम्र 29 वर्ष, 15 ब्लॉक निवासी दीपक सिंह पिता स्व. अनिल सिंह, उम्र 32 वर्ष, शारदा विहार निवासी सोहेब अहमद पिता अंसार अली, उम्र 30 वर्ष, तुलसीनगर निवासी गौरीलाल चौहान पिता बड़कू चौहान उम्र 44 वर्ष, पंप हाउस निवासी पुरनदास महंत पिता स्व. महेशदास महंत, उम्र 44 वर्ष, सर्वमंगला रोड पटेलपारा निवासी आदित्य सिंघानिया पिता संतोष सिंघानिया उम्र 31 वर्ष, ढोढ़ीपारा निवासी राजेन उर्फ राजेन्द्र दास पिता स्व. खीकदास उम्र 30 वर्ष एवं तुलसीनगर निवासी यश पाटले पिता अनिकेत पाटले, उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

शराब पीने के लिए रुपए मांगने और मारपीट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपीगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा पुलिस ने शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने, रुपए न देने पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। बांकीमोंगरा थाना निवासी सूरज कुमार बिंझवार ने 1 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 30 अक्टूबर की रात लगभग 9:30 बजे वह अपने साथी दिनेश कुमार बिंझवार के साथ बांकीमोंगरा देसी शराब भट्ठी से लौट रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने उन्हें रोककर पूछताछ की और शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग की। प्रार्थी द्वारा रुपए देने से मना करने पर आरोपियों ने अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा हाथ-मुक्के, बेल्ट और जमीन पर घसीटकर उनके साथ गंभीर मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में मेला मैदान मोंगरा बस्ती निवासी समीर कुर्रे 19 वर्ष पिता रमेश कुर्रे, मोंगरा बस्ती निवासी आशीष कुमार पाटले 29 वर्ष पिता विनोद कुमार पाटले, अमन कुमार कुर्रे 24 वर्ष पिता शत्रुहन कुर्रे एवं हेमलाल कुर्रे 42 वर्ष पिता स्व.हरिशंकर कुर्रे को गिरफ्तार किया है।

कोयला खनन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 50 खदानों को मिली स्टार रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा सोमवार को रायपुर स्थित मेफेयर लेक रिसॉर्ट में स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह 2026 का आयोजन किया गया। समारोह में वित्त वर्ष 2024-25 के मूल्यांकन के आधार पर कोयला एवं लिग्नाइट खनन के क्षेत्र में



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मी को सम्मानित करते कार्यक्रम के अतिथिगण।

खास बात

- रायपुर में आयोजित कीगई स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली देश की कुल 50 पांच सितारा खदानों को सम्मानित किया गया। इनमें 15 भूमिगत तथा 35 ओपनकास्ट खदानें शामिल हैं। इन पुरस्कारों के माध्यम से सुरक्षित, कुशल, वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल खनन की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली खदानों के योगदान को मान्यता दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने पुरस्कार वितरित किए।

पुरस्कार वितरण के पश्चात अपने संबोधन में उन्होंने कोयला क्षेत्र में उत्कृष्टता, सुरक्षित खनन, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिम्मेदार एवं सतत खनन पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय के अपर सचिव सानोज कुमार झा, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष बी. साईराम, कोयला नियंत्रक संगठन (सीसीओ), नई दिल्ली के कोयला नियंत्रक सतीश कुमार सहित कोयला मंत्रालय एवं विभिन्न कोयला कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।समारोह में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की पाँच खदानों को पांच सितारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें भूमिगत श्रेणी में बंगवार, खैराहा, बहेराबांध एवं विजय वेस्ट खदान तथा ओपनकास्ट श्रेणी में जगन्नाथपुर खदान शामिल हैं। चार भूमिगत एवं एक ओपनकास्ट खदान को मिला यह सम्मान सुरक्षित खनन, परिचालन दक्षता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति एसईसीएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।छत्तीसगढ़ में संचालित अन्य पुरस्कृत खदानों में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड की गेरे पेलमा सेक्टर-III कोल माइन तथा पारसा केंटे कोलियरीज लिमिटेड की पारसा ईस्ट एंड कांटा बासन ओपनकास्ट कोल माइन भी शामिल हैं।कोयला मंत्रालय की स्टार रेटिंग नीति के अंतर्गत कोयला एवं लिग्नाइट खदानों के प्रदर्शन का विभिन्न निर्धारित मानकों पर व्यापक मूल्यांकन किया जाता है। इनमें परिचालन दक्षता, उत्पादन एवं उत्पादकता, तकनीकी नवाचार, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, पर्यावरण प्रबंधन, सतत विकास तथा स्थानीय समुदायों के कल्याण से जुड़े पहलू शामिल हैं।

कर्मियों एवं परिजन की मांगों को लेकर एचएमएस ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिन्द मजदूर सभा से संबद्ध कोयला मजदूर पंचायत दीपका क्षेत्र द्वारा एसईसीएल दीपका क्षेत्र के कर्मचारियों अधिकारियों और उनके परिवारों के कल्याण आवासीय परिसरों की बुनियादी सुविधाओं कार्यस्थलों की सुरक्षा तथा अन्य

खास बात

- एसईसीएल प्रबंधन को सौंपा 26 सूत्रीय मांग पत्र

समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में क्षेत्रीय महाप्रबंधक को 26 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है।

यूनियन के महामंत्री सृष्टिधर तिवारी के नेतृत्व में प्रबंधन को सौंपे गए ज्ञापन में कर्मचारियों के हित से जुड़े कई दीर्घकालिक और महत्वपूर्ण मुद्दों पर तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की गई है। आवासीय परिसर में बहुप्रतीक्षित कल्याण मंडप के निर्माण कार्य को



शीघ्र पूर्ण कराना बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए डीपीएस या केंद्रीय विद्यालय का संचालन शुरू करना और श्रमवीर स्टेडियम का आधुनिकीकरण कर उसे आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित करना। अष्टमुखी तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण इनडोर स्टेडियम में योनेक्स मानक के वुडन कोर्ट मैट व लाइटिंग व्यवस्था जिम का सुव्यवस्थित संचालन तथा आवासीय पार्कों एवं झूलों की नियमित मरम्मत करना। आवासीय और कार्यस्थलों पर कोयले की धूल व प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए नियमित पानी का छिड़काव छतों एवं दीवारों के सीपेज पानी के रिसाव की स्थायी मरम्मत और मच्छरों के प्रकोप से निपटने के लिए नियमित फॉगिंग व कीटनाशक छिड़काव करना। सिविल विभाग की शिकायतों का समय-सीमा के भीतर निराकरण सुरक्षा उपकरणों गम्बूट सेफ्टी शू टॉर्च आदि का समय पर वितरण घरेलू रसोई गैस दरों में वृद्धि के अनुरूप एरियर बकाया राशि का भुगतान और उत्पादन वर्ष 2025-26 के उत्कृष्ट लक्ष्यों को प्राप्त करने पर कर्मचारियों को उचित प्रोत्साहन राशि प्रदान करना। श्रमिक चौक से एम.टी. 02 मार्ग व न्यू सीएचपी बेल्ट लाइन के पास जमा कीचड़ की नियमित सफाई गति नियंत्रण के लिए स्पीड ब्रेकर का निर्माण और डम्पर वर्कशॉप के डीजल पंप पर लाइटनिंग अरेस्टर तड़ित चालक लगाने की मांग शामिल है।

नाम परिवर्तन सुचना

मैं कृष्ण कुमार देवांगन उम्र 32 वर्ष पिता लखन लाल देवांगन, निवासी अमरैया पारा भोजपुर चांपा, तहसील चांपा, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एतद्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ-
1. यह कि मेरा अमरैया पारा भोजपुर चांपा, तहसील चांपा, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मैं अपने नाबालिग पुत्र का नाम आदर्श देवांगन (Adarsh Dewangan) से बदलकर शमूएल देवांगन (Samuel Dewangan) करवाना चाहता हूँ।
3. यह कि मैं अपने नाबालिग पुत्र का नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिये स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
4. यह कि मेरी पत्नी सीता देवांगन को हमारे नाबालिग पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
5. यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता
कृष्ण कुमार देवांगन
पिता - लखन लाल देवांगन
अमरैया पारा भोजपुर चांपा, तहसील चांपा
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बम्हनीडीह
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
// ईश्तहार//
रा.प्र.क्र...../अ-21/2026-27

ग्राम- भंवरमाल तहसील बम्हनीडीह

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार वल्द जोहित राम जाति गोड़ निवासी ग्राम भंवरमाल तहसील बम्हनीडीह ने अपने पट्टे से प्राप्त भूमि ख.न. 5/6 ख रकबा 1.396 हे. भूमि को अनावेदक / गैर आदिवासी व्यक्ति सज्जन प्रसाद अग्रवाल पिता रूढ़मल अग्रवाल निवासी कोरबा वाले के पास विक्रय की अनुज्ञा हेतु घारा 165 ख कलेक्टर महोदय जांजगीर-चांपा छ.ग. के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा के माध्यम से प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक / गैर सरकारी संस्था / समिति को आपत्ति हो तो दिनांक 16.11.2026 को मेरे न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील बम्हनीडीह

ईश्तहार

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विजय कुमार कश्यप पिता रामचरण कश्यप निवासी नवागढ़ द्वारा विक्रेतागण गजानंद, महावीर, महारथी, प्रमिला, उर्मिला, नीलम पिता पुनीराम, मानमति बेवा पुनीराम के नाम मौजा ग्राम नेगुरडीह प. ह. न. 27 रा. नि. म. मिसदा तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. मे भूमि खसरा 291/1 रकबा 0.19 एकड़ भूमि मे से 0.06 एकड़ भूमि को क्रय करने पक्का सौदा कर बयाना बतौर 50,000/- पचास हजार रूपये दिया गया है। उक्त भूमि के संबंध में इस ईश्तहार पेपर के माध्यम से सूचित किया जाता है की किसी वैध व्यक्ति या कोई भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति होगा तो 07 दिवस के भीतर अपने वैध दस्तावेजो एवं प्रमाणो के साथ नीचे दिये गए पतों पर सूचित करे समयावधि बीत जाने के बाद आपत्ति/दावा विचारण नहीं किया जाएगा।

सो सूचना प्रकाशित
स्थान - नवागढ़
दिनांक - 04/11/2026

विश्वनारायण तेंदुलकर
(अधिवक्ता नवागढ़)
तहसील कार्यालय नवागढ़
जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.
पिन न. 495557,
मो. नं. 6267983386

राजेन्द्र को मिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

पंतोरा। शिक्षक प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा 31 अक्टूबर को पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन बिलासपुर में आयोजित उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान एवं सदस्यता ग्रहण सह सम्मान समारोह-2026 में शासकीय अनुसूचित जाति कन्या आश्रम पंतोरा के शिक्षक राजेन्द्र कुमार कंवर को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि तोखन साहू (केन्द्रीय राज्यमंत्री) की उपस्थिति में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।श्री कंवर को शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण, नवाचारी शिक्षण गतिविधियों, बालिका शिक्षा के प्रति विशेष रुचि तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।





हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 5 नवंबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

दीपावली को लेकर सजा बाजार दुकानों में बढ़ने लगी ग्राहकों की भीड़

4



खबर संक्षेप

महासम्मेलन और यादव समाज भवन के लोकार्पण में आज पूर्व सीएम होंगे शामिल

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आगामी गुरूवार 5 नवंबर को जांजगीर-चांपा जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। विस्तृत जानकारी देते हुए जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने बताया कि भूपेश बघेल इस प्रवास के दौरान जिले में आयोजित विभिन्न सामाजिक सम्मेलनों, विकास कार्यो के लोकार्पण और प्रतिमा अनावरण कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रमों के विषय में जानकारी देते हुए ब्यास कश्यप ने बताया कि 5 नवंबर को भूपेश बघेल दोपहर 1 बजे पामगढ़ के कोसला गांव पहुचेंगे। वे यहां आयोजित कुर्मी एकता महासम्मेलन में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे उनका खरौद आगमन होगा तथा यहां वे 50 लाख रूपए की लागत से निर्मित यादव समाज भवन का लोकार्पण करेंगे। इस भवन की स्वीकृति भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए प्रदान की थी। दोपहर 3 बजे भूपेश बघेल का आगमन नवागढ़ में होगा, जहां वे शहीद राजेन्द्र कश्यप की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।



किसान पोर्टल पंजीयन की तिथि बढ़ने का किसान मोर्चा ने किया स्वागत

जांजगीर-चांपा। एकीकृत किसान पोर्टल में नवीन पंजीयन एवं पंजीकृत फसल और रकबे में संशोधन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 15 नवंबर किए जाने के निर्णय का भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। समय-सीमा बढ़ने से ऐसे अनेक किसानों को राहत मिलेगी, जो किसी कारणवश निर्धारित अवधि में पंजीयन नहीं करा पाए थे। इससे कोई भी पात्र किसान समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने के अवसर से वंचित नहीं रहेगा।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार केवल धान खरीदी तक सीमित नहीं है, बल्कि फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित कर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में भी ठोस पहल कर रही है। धान के स्थान पर अन्य फसल लेने वाले किसानों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़ तथा दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास जैसी फसलों के पंजीयन पर 10 हजार रुपये प्रति एकड़ सहायता का प्रावधान किसानों को खेती में नए विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

26 किलो गांजा तस्करी मामले में फरार आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। अवैध गांजा परिवहन एवं बिक्री के मामले में थाना बिर्रा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। विवेचना के तहत फरार आरोपी को ओडिशा से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। 1 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कार एवं मोटरसाइकिल के माध्यम से गांजा लेकर चांपा की ओर परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव, थाना प्रभारी बिर्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम बसंतपुर में महानदी किनारे घेराबंदी कर चार आरोपियों को पकड़ा था। कार्रवाई के दौरान 26.8 किलोग्राम गांजा, कीमत लगभग 13 लाख 40 हजार बरामद किया गया था। नारायण राणा पिता लक्ष्मण राणा, जाति कुम्हार, उम्र 27 वर्ष, निवासी तिलाईमाल थाना कंटामाल, हाल मुकाम कुलुताजोर थाना घंटापड़ा जिला बौद्ध की संलिप्तता सामने आई। विवेचना के तहत पुलिस ने आरोपी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया। मामले में धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।इस कार्रवाई में थाना बिर्रा एवं पुलिस सहायता केंद्र करही स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

छात्रों के पोषण और स्वच्छता को लेकर नजर नहीं आ रही गंभीरता

जिले के 161 स्कूलों में नहीं किचन शेड, भोजन के दूषित होने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के 161 सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों में किचन शेड की समुचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे में स्कूलों में भोजन तैयार करने की व्यवस्था, रसोइयों की कार्य परिस्थितियों और बच्चों को स्वच्छ वातावरण में भोजन उपलब्ध कराने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बच्चों के पोषण और स्कूलों में उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ाने की महत्वपूर्ण योजना है। वहीं स्कूलों में कीचन शेड की समुचित व्यवस्था नहीं बन पाने के कारण कई स्थानों पर जैसे तैसे व्यवस्था बनाकर काम चलाया जा रहा है।

गौरतलब है कि किचन शेड की समुचित व्यवस्था नहीं होने से संबंधित स्कूलों में भोजन तैयार करने के दौरान कई तरह की व्यावहारिक परेशानियां सामने आ सकती हैं। बारिश के मौसम में पानी और कीचड़, गर्मी में तेज धूप तथा धूल-मिट्टी के बीच भोजन बनाने की स्थिति बन सकती है। वहीं, यदि भोजन बनाने का स्थान पर्याप्त रूप से सुरक्षित नहीं है, तो खाद्य सामग्री के रखरखाव, साफ-सफाई और रसोई के आसपास स्वच्छता बनाए रखने में भी दिक्कत हो सकती है। मध्यान्ह भोजन में कीडे मकौड़े और जीव जन्तु के गिरने से फूड पाईजनिंग का खतरा भी बना रहता है।





जुगाड़ के शेड में खाना बनाते रसोईयां व खाना खाते बच्चे।

बच्चों के भोजन की व्यवस्था पर असर

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना शिक्षा और पोषण व्यवस्था का अहम हिस्सा है। इसके लिए भोजन बनाने की जगह साफ-सुथरी, सुरक्षित और मौसम के प्रभाव से यथासंभव संरक्षित होना जरूरी है। जिन स्कूलों में किचन शेड नहीं है या उसकी स्थिति संतोषजनक नहीं है, वहां भोजन तैयार करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर जेसे तैसे काम चलाया जा रहा है। जिसके चलते रसोईयों को कई तरह की परेशानी हो रही है, वहीं भोजन सुरक्षित नहीं होने का अंदेशा भी बना रहता है।

जिले में 1194 प्रायमरी व मीडिल स्कूल संचालित

जांजगीर-चांपा जिले के 5 ब्लाक अंतर्गत 1194 प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। इनमें 777 प्राथमिक एवं 417 मिडिल स्कूल है। इनमें से 685 स्कूलों में मध्यान भोजन के लिए किचन शेड की समुचित व्यवस्था बन पाई है। 249 स्कूलों के किचन शेड को मेंटेनेंस की दरकार है। 99 किचन शेड का भवन उपयोग के लायक नहीं है, जबकि 161 सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में किचन शेड कि समुचित व्यवस्था नहीं बन पाई है।

249 सरकारी स्कूलों के शेड को मरम्मत की दरकार

जांजगीर चांपा जिले के पांच ब्लाक अंतर्गत आने वाले 1194 से अधिक सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में मध्यान भोजन की व्यवस्था है वहीं इनमें से 249 सरकारी स्कूलों में शेड को मरम्मत की दरकार है। जिसके चलते स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मध्यान भोजन करने के दौरान परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है।

कराया गया अवगत

जिले के 161 से अधिक सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में किचन शेड की समस्या बनी हुई है। इसे लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

-एमपी सिंह,
डीईओ जांजगीर चांपा

लहलहाती धान की सुनहरी बालियां...



जांजगीर-चांपा। किसानों के चार माह की मेहनत रंग लाने लगी है। खेतों में धान की सुनहरी बालियां लहलहा रही है। दीपावली का त्यौहार मनाने के बाद किसान धान की कटाई और मिजाई में व्यस्त होंगे।

मनरेगा में मुक्तिधाम के काम को लेकर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

लखुर्री में मनरेगा के तहत मुक्तिधाम का निर्माण कार्य चल रहा है। यह काम विवादों में घिर गया है और कई तरह के सवाल उठने लगे है। ग्रामीणों ने कई आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

ग्राम पंचायत लखुर्री में मनरेगा के तहत कराए जा रहे मुक्तिधाम निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं को लेकर सवाल उठने लगे हैं। करीब 5 लाख 80 हजार रुपये की लागत से कराए जा रहे इस निर्माण कार्य में मजदूरों की वास्तविक उपस्थिति से लेकर निर्माण की गुणवत्ता और तकनीकी निगरानी तक पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर वास्तविकता कुछ और है, जबकि सरकारी दस्तावेजों में दर्ज आंकड़े कुछ और कहानी बयां कर रहे हैं। आरोप यह भी है कि मौके पर 4-5 मजदूर दिखते है, जबकि मस्टर रोल में 10 नाम की एंट्री हो रही है। कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड भी नहीं है। आरोप है कि निर्माण स्थल पर तकनीकी अधिकारियों और इंजीनियरों की नियमित निगरानी नहीं हो रही है। ऐसे में निर्माण कार्य की जांच की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने संबंधित मांग की है कि मुक्तिधाम निर्माण कार्य एवं मस्टर रोल में दर्ज मजदूरों के नामों का भौतिक सत्यापन कराते हुए जांच की मांग की है। इस संबंध में लखुर्री सरपंच लक्ष्मीन कर्ष का कहना है कि हाजरी चढ़ाना पड़ता है। गांव स्तर में सब चलाना पड़ता है।

कराएंगे जांच

अगर ऐसा कुछ फर्जी हाजरी दर्ज हो रहा होगा तो जांच टीम बैठेगी। मजदूरों से बयान लिया जाएगा।

-विभा मरावी ,
कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा
बम्हनीडीह

गांधी भवन की प्रस्तावित जमीन पर अतिक्रमण का प्रयास, एसडीएम से लगाई फरियाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के वार्ड क्रमांक 14 में सिग्नल पुल और स्टेडियम के बीच गांधी भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल पर अतिक्रमण की कोशिश का मामला सामने आया है।

इस संबंध में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन के नेतृत्व में नागरिकों ने एसडीएम सुमित बघेल को आवेदन सौंपकर प्रस्तावित भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर सुरक्षित रखने की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि गांधी भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल पर कुछ लोगों द्वारा ईंट और रेत गिराकर अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है। आवेदकों के अनुसार, उक्त स्थल को पूर्व में गांधी भवन निर्माण के लिए चिन्हित किया गया था। इसके लिए पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया के कार्यकाल में प्रयास किए गए थे। गांधी भवन निर्माण की घोषणा के बाद नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों द्वारा इस स्थल को प्रस्तावित किया गया था। ऐसे में प्रस्तावित स्थल पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण होने से भवन निर्माण की योजना प्रभावित हो सकती है। आवेदन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई है कि स्थल का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जांच की जाए तथा प्रस्तावित भूमि को अतिक्रमण से मुक्त रखते हुए गांधी भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों मेसंतोष दास मानिकपुरी,श्रीमती दिनेश कश्यप,दिलीप खांडे,सूरज भारती,मनोहर कुर्रे आदि शामिल रहे

शराब में जहर मिलाकर डबल मर्डर, आरोपी को दो बार आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शराब में जहर मिलाकर दो लोगों की हत्या करने के मामले में आरोपी को दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रधान सेशन जज जयदीप गर्ग ने मामले में दण्डादेश जारी किया है।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भठली में रहने वाले रामगोपाल खूंटे का अपने पड़ोस में रहने वाले सुंदरलाल कुर्रे के साथ विवाद था। रामगोपाल ने सुंदरलाल के हत्या की योजना बनाई। योजना के तहत उसने शराब की बोतल में कीटनाशक दवा मिलाई और 6 मार्च 2025 की शाम सुंदरलाल के घर पहुंच गया। सुंदरलाल ने शराब पीने से मना किया तो रामगोपाल ने वहां पहुंचे रोहित कुमार तेंदुलकर और



सीताराम लहरे को शराब की शीशी दे दी। रोहित और सीताराम ने शराब पी ली, जिससे कुछ देर बाद उनकी तबीयत बिगडने लगी। दोनों को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया जहां दोनों ने दम तोड़ दिया। मामले की जांच और पीएम रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि रोहित तेंदुलकर व सीताराम लहरे की मौत कीटनाशक दवा मिली शराब के सेवन से हुई है। पुलिस ने मामले में अपराध कायम करते हुए रामगोपाल खूंटे की गिरफ्तारी की और अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। जांजगीर प्रधान सेशन जज जयदीप गर्ग ने मामले की सुनवाई की। अभियोजन पक्ष द्वारा सुनवाई के दौरान 19 गवाहों का कथन कराया गया। गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर प्रधान सेशन जज जयदीप गर्ग ने अभियुक्त रोहित खूंटे पिता महेत्तर खूंटे उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम भठली को दोषी पाया। न्यायाधीश ने आरोपी रामगोपाल खूंटे को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) के लिए दो बार आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर 6-6 माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगताने का दण्डादेश जारी किया गया है। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने की।

पंचायत में सचिव के नहीं होते दर्शन, ग्रामवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम पंचायत करही के पंचायत सचिव पंचायत भवन से हमेशा नदारत रहता है। ग्रामीण लोग जन्म मृत्यु पंजीयन और आय जाति निवास बनवाने के लिए पंचायत भवन का चक्कर लगा कर थक चुके रहे हैं। ग्रामीणों ने जिले के मुखिया कलेक्टर से पंचायत सचिव को हटाने की मांग किए हैं।

सक्ती जिला के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत अंतिम छोर महानदी के किनारे बसे ग्राम पंचायत करही में पदस्थ पंचायत सचिव पंचायत भवन से हमेशा नदारत रहता है। ग्रामीण लोग जन्म एवं मृत्यु पंजीयन और आय, जाति, निवास बनवाने के लिए पंचायत भवन का चक्कर लगा कर थक चुके हैं। इसके बावजूद भी पंचायत सचिव का दर्शन दुर्लभ हो गया है। पंचायत सचिव के कार्यशैली से ग्रामवासी परेशान नजर आ रहेहैं । इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत करही में पदस्थ पंचायत सचिव पंचायत भवन से हमेशा गायब रहता है, पंचायत भवन में रोजाना ताला लटका रहता है। जिसके कारण ग्रामवासी परेशान नजर आ रहे हैं। अगर ग्रामीणों की माने तो पंचायत सचिव महीने में एकाध बार ही नजर आते है।

इस संबंध में पंचायत सचिव अनिल कुमार खूंटे का कहना है कि स्वास्थ्य खराब होने के कारण मैं प्रत्येक दिन आना जाना नहीं कर पा रहा हूं।

नगर के वार्डों से लेकर गांवों तक अवैध शराब का कारोबार, कार्रवाई को लेकर उठे सवाल

अकलतरा। नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की कथित धड़ल्ले से हो रही बिक्री ने कानून-व्यवस्था और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नगर के विभिन्न वार्डों से लेकर आसपास के अनेक गांवों तक देशी, अंग्रेजी और महुआ शराब के अवैध कारोबार की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शराब के नशे में उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों के कारण आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और युवतियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों के अनुसार, अकलतरा के विभिन्न वार्डों के सुनसान स्थानों पर सुबह से ही लोगों को शराब का सेवन करते देखा जा सकता है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अवैध शराब की घर पहुंच सेवा तक उपलब्ध होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे न केवल सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है, बल्कि सार्वजनिक स्थलों पर शांति और सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ रही है।

सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने पर की गई कार्रवाई

स्कूल बसों की जांच के लिए चला अभियान, खामियां मिलने पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

स्कूल बसों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। जिसके तहत खामियां पाए जाने पर 7 हजार से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। उक्त कार्रवाई बच्चों की सुरक्षा को लेकर की गई है।

गोरतलब है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा स्कूल बसों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्कूल बसों के सुरक्षित संचालन के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप वाहनों का निरीक्षण किया गया। इस अभियान के तहत शिशु मंदिर एवं ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल की बसों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान बसों के फिटनेस प्रमाण-पत्र, परमिट, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों



की जांच की गई। जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर एक स्कूल बस को जब्त किया गया तथा दो बसों के विरुद्ध कुल 7 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त अन्य बसों में पाई गई छोटी-मोटी कमियों को दूर करने के लिए संबंधित स्कूल प्रबंधन एवं वाहन संचालकों को 7 दिवस के भीतर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए।

चालकों को दिए गए सख्त निर्देश

इस दौरान स्कूल बस चालकों को बच्चों की सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता बरतने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्कूल प्रबंधन को भी यह सुनिश्चित करने कहा गया कि विद्यार्थियों का परिवहन सभी निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही हो।उक्त जांच अभियान के दौरान क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं यातायात प्रभारी उपस्थित रहे। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए इस प्रकार की जांच आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

कुदरी बैराज में मिला अज्ञात युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर से सटे कुदरी बैराज में बुधवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह बैराज के आसपास टहलने और मछली पकड़ने गए लोगों ने पानी में शव को तैरते हुए देखा, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार 4 नवंबर की सुबह करीब 7 बजे कुछ लोगों ने बैराज के गेट के पास पानी में एक युवक का शव औंधे मुंह तैरते हुए देखा। शव की सूचना तुरंत आसपास के लोगों को दी गई और फिर पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही चांपा पुलिस मौके पर



पहुंची।शिनाख्त में जुटी पुलिस, पोस्टमार्टम के लिए भेजा शवपुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया। मृतक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है। युवक ने नीले रंग की जींस और काले रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर बीडीएम अस्पताल चांपा के मर्च्यूरी में रखा गया है।

खबर संक्षेप

सीएचसी में एक ही दिन 7 गर्भवती महिलाओं का हुआ सुरक्षित प्रसव



मालखरौदा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए 1 नवंबर को एक ही दिन में 7 गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक प्रसव कराया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सकों, स्टाफ नर्स - मनीषा, वसुंधरा, तरुन अन्य स्वास्थ्यकर्मियों और 102 महतारी वाहन के वाहन चालक भागवत और एम टी ने पूरी तत्परता, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। एक नई पहल के तहत डिस्चार्ज के समय सभी गर्भवती माताओं को 1-1 जामुन का पौधा भेंट किया गया। यह उपलब्धि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा में उपलब्ध मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा स्वास्थ्यकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और टीम भावना को दर्शाती है। इस कार्य के लिए डॉ मृत्युंजय राठौर खंड चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की गई।

सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा अनावरण एवं भवन का लोकार्पण आज

पामगढ़। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151 जयंती के अवसर पर सर्व कुर्मी समाज द्वारा कोसला में निर्मित सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन एवं उनके भव्य प्रतिमा का अनावरण गुरूवार 5 नवंबर को किया जाएगा। भव्य प्रतिमा अनावरण एवं भवन के लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धरमलाल कौशिक विधायक बिल्हा,अति विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्यास कश्यप विधायक जांजगीर चांपा, नारायण चंदेल पूर्व नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं अतिथि के रूप में ज्योति किशन कश्यप जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती प्रतिभा दीपक कश्यप अध्यक्ष नगर पंचायत राहोद, श्रीमती कांता कश्यप अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, श्रीमती शांति घासीराम कश्यप उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, गया राम चंदेल उपाध्यक्ष नगर पंचायत राहोद होंगे। सर्व कुर्मी समाज क्षेत्र कोसला पामगढ़ द्वारा गुरुवार को दोपहर 1 बजे आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सामाजिक बंधुओं एवं आम नागरिकों से अधिक अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है ।

कलेक्टर ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के कार्य विभाजन में किया आंशिक संशोधन



सक्ती। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती जयश्री जैन ने जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए पूर्व में सौंपे गए कार्य के साथ साथ नीचे दर्शित अधिकारियों का दायित्व आगामी आदेश पर्यंत निम्नानुसार कार्य विभाजन किया है। कलेक्टर श्रीमती जैन द्वारा जारी आदेश के अनुसार डिप्टी कलेक्टर पोषक चौधरी को धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व शाखा, सीएम हेल्पलाइन साथ ही कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा समय समय पर सौंपे गए अन्य प्रशासनिक कार्य का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर प्रीतेश सिंह राजपूत को समय सीमा व जनदर्शन में दर्ज पत्रों की समीक्षा बैठक की तैयारी साथ ही कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा समय समय पर सौंपे गए अन्य प्रशासनिक कार्य का दायित्व सौंपा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील किया गया है।

जिले में 1067.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज, अब तक सबसे अधिक बारिश चंद्रपुर में

सक्ती। सक्ती जिले में 1 जून से 4 नवम्बर तक 1067.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार आज की स्थिति मे तहसील चंद्रपुर 2.0 में मिली मीटर तथा अन्य सभी जिलों में 0.0 वर्षा मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई ।बीते 24 घंटे में जिले में 0.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के सक्ती तहसील में 980.2 मिली मीटर, जैजैपुर में 875.8, मालखरौदा में 1261.9, डभरा में 1139.8, नया बाराद्वार में 1182.6, अड़भार में 963.9, हसौद में 964.7, चंद्रपुर में 1207.1, एवं भोथिया में 1033.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। तहसील चंद्रपुर 2.0 में मिली मीटर तथा अन्य सभी जिलों में 0.0 वर्षा मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई ।

धनतेरस के साथ 6 नवंबर से होगी दीपपर्व की शुरूआत

दीपावली को लेकर सजा बाजार दुकानों में बढ़ने लगी ग्राहकों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दीपावली त्योहार को अब दो दिन का समय शेष बचा है। लोगों ने कपड़ा, रंगोली, आटोमोबाईल्स, इलेक्ट्रानिक्स सामान, सराफा, गिफ्ट आयटम आदि की दुकानों में खरीददारी शुरु कर दी है। पर्व को लेकर दुकानदारों ने भी विशेष तैयारियां की है।

कार्तिक माह में मनाए जाने वाले पांच दिवसीय दीवाली त्योहार को लेकर लोगों ने खरीदारी प्रारंभ कर दी है। इस वर्ष दीपावली का त्योहार रविवार 8 नवंबर को मनाया जाएगा। इसको लेकर बाजार सज गया है। वहीं दुकानों में लोगों की चहल-पहल शुरु हो गई है। कपड़ा, आटोमोबाईल, सराफा, रंगोली आदि प्रतिष्ठानों में जमकर कारोबार होने का अनुमान व्यापारियों को है। वहीं कपड़ा दुकानों में जींस, टी शर्ट, शर्ट, साड़ी, सलवार शूट व रेडिमेड कपड़ों सहित पूजन सामग्री एवं भगवान को सजाने विभिन्न प्रकार की सजावटी सामानों की खरीददारी लोग कर रहे हैं। पर्व को लेकर इलेक्ट्रानिक्स, रंगोली, सराफा, गिफ्ट आयटम के साथ रियल स्टेट में ग्राहकों की पूछ-परख बढ़ गई है। दीपावली में व्यवसायियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कई उपहार सहित बम्फर ऑफर शुरू की है। सामानों की खरीदी में ग्राहकों को ऑफर दिए जा रहे है। साथ ही साथ खाने-पीने के समानों की बिक्री भी शुरू हो गई है। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में रौनक आई है, लेकिन धनतेरस एवं दीपावली के दिन से बाजार में और भीड़ उमड़ेगी। शहर के हलवाई इन दिनों दीवाली त्योहार के नजदीक आते ही तैयारी में जुटे गए हैं। त्योहार की तैयारियों के चलते मिठाई दुकानों में भीड देखी जा रही है।



बाजार में रंगोली की खरीददारी करती महिलाएं व युवतियां।

कपड़ा दुकानों में बढ़ रही ग्राहकी

दीवाली त्योहार के मद्देनजर रेडीमेट कपड़े की दुकानों में अच्छी खासी ग्राहकी देखी जा रही है। इन दुकानों में सुबह से देर रात तक शहरी सहित ग्रामीण ग्राहक काफी संख्या में जुट रहे हैं। नए जमाने के हिसाब से दुकानदारों ने नई-नई वैरायटी के ड्रेस मटेरियल स्टॉक कर रखा है। दुकान संचालक ने बताया कि दीवाली त्योहार को लेकर मुंबई, कोलकाता व नागपुर जैसे बड़े-बड़े महानगरों से नामी कंपनियों के कपड़े मंगवाए गए हैं। नए जमाने के फैशन के हिसाब से सभी रेंज के जींस, टी-शर्ट, शर्ट, ट्राउजर, कार्गो सहित सभी प्रकार के परिधान उपलब्ध है। दुकान में महिलाओं की भी संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। महिलाओं के पसंद के हिसाब से अच्छी क्वालिटी के साड़ी बाहर से मंगाए गए हैं।

बर्तन बाजार सजकर तैयार

धनतेरस के दिन बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। इस दृष्टि से बर्तन व्यवसायी अच्छे व्यापार की उम्मीद लगाए बैठे हुए हैं। इसके लिए दुकानदार दुकानों को सजाकर बैठे हैं। बर्तन दुकान के संचालकों ने बताया कि विभिन्न प्रकार के सामानों में गंजी, पानी ड्रम, थाली, लोटा व पूजा सामग्री मंगाए गए हैं।

प्रशासन की सख्ती के बाद भी हड़ताल पर डटे पटवारी



हड़ताल में बैठे पटवारी संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

पीवी ऐप की समस्याओं को हडताल कर रहे पटवारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रूख अपनाया है। इसके बावजूद पटवारी हडताल पर डटे है। राजस्व पटवारी संघ का आंदोलन 13 अक्टूबर से लगातार जारी है।

छत्तीसगढ़ में राजस्व पटवारी संघ ने पीवी ऐप की व्यवहारिक और तकनीकी समस्याओं का निराकरण नहीं होने तथा पटवारियों पर की जा रही कार्रवाई के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। संघ 13 अक्टूबर से लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। इस संबंध में भू-अभिलेख संचालनालय, नवा रायपुर के संचालक को ज्ञापन सौंपकर लंबित मांगों के निराकरण और पटवारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को तत्काल निरस्त करने की मांग की भी गई है। राजस्व पटवारी संघ का कहना है कि पीवी ऐप के माध्यम से फसल के भौतिक सत्यापन में कई व्यवहारिक और तकनीकी समस्याएं आ रही हैं, जिनसे विभाग को पहले भी अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। संघ के मुताबिक, पटवारी पहले से ही डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टैक और किसान पंजीयन, जनगणना, लघु सिंचाई संगणना, रेलवे एवं एनएच सर्वे, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित कई महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। पीवी ऐप के बहिष्कार को लेकर बलौदाबाजार जिले में पदाधिकारियों और पटवारियों के स्थानांतरण तथा कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने, जबकि महासमुंद जिले में पटवारियों के निलंबन का मामला सामने आया है। सक्ती जिले के पटवारी संघ जिलाध्यक्ष संजय गवेल ने इन कार्रवाइयों को द्वेषपूर्ण और दमनात्मक बताते हुए कड़ी निंदा की है। साथ ही संबंधित आदेशों को तत्काल निरस्त करने और पीवी ऐप की समस्याओं का व्यवहारिक समाधान करने की मांग की है। इसी कडी मे 3 नवम्बर को सक्ती जिले के परवारी संघ ने काल कपडा पहनकर बाईक रैली व पैदल मार्च कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया था।

कचंदा के बच्चों ने किया आईटीआई का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कचंदा ब्लॉक जैजैपुर के नौवीं दसवीं कक्षा के लगभग 70 से 80 बच्चों को बस से शैक्षणिक भ्रमण के लिए मालखरौदा स्थित आईटीआई लाया गया, जहां स्कूल के शिक्षकों की उपस्थिति में स्कूली छात्र-छात्राओं ने आईटीआई के कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, ट्रेड में पहुंचकर लेने वाले प्रशिक्षण के बारे में जाना।

आईटीआई के प्रशिक्षक श्रीमती राखी मिश्रा द्वारा फिटर ट्रेड के बारे में और मशीनों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षक जैनेंद्र जायसवाल ने कोपा ट्रेड से संबंधित कंप्यूटर उसके संचालन हार्डवेयर सॉफ्टवेयर के संबंध में बच्चों को विस्तार से समझाया बच्चों ने भी जिज्ञासा से सवाल किया तथा इन ट्रेडो में किस प्रकार से प्रवेश ले सकते हैं। बच्चों का कहना था स्कूली पुस्तक कॉपी के अलावा उन्हें आईटीआई पहुंचकर तकनीकी जानकारी भी मिला जहां पुष्पा रात्रे संजीव जायसवाल आईटीआई स्टाफ के अलावा इस भ्रमण कार्यक्रम में बच्चों के साथ स्कूल के पी आर कर्ष प्राचार्य, आईटी शिक्षक दिनेश पटेल, मनीष सिदार व्याख्याता, सरिता टंडन व्याख्याता, गीता चंद्रा व्याख्याता उपस्थित थे।



नपा में नए सीएमओ ने संभाला पदभार, निवर्तमान को दी विदाई



अकलतरा। नगर पालिका परिषद अकलतरा में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नवनियुक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधा चरण तिवारी का स्वागत तथा निवर्तमान मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह का विदाई समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के समस्त पार्षदगणों द्वारा नवनियुक्त अधिकारी राधा चरण तिवारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं निवर्तमान अधिकारी संजय सिंह को श्रीफल, शॉल भेंट कर सम्मान सहित विदाई दी गई। इस अवसर पर नवनियुक्त अधिकारी राधा चरण तिवारी ने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा और सभी पार्षदों व कर्मचारियों के सहयोग से अकलतरा को एक आदर्श नगर पालिका बनाने का प्रयास किया जाएगा। निवर्तमान अधिकारी संजय सिंह ने अपने उद्बोधन में नगर पालिका के सभी पार्षदों एवं कर्मचारियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

जागरूकता अभियान के तहत बाल विवाह, बाल श्रम के प्रति किया जागरूक



जागरूकता रैली में शामिल बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेल्हाडीह

बेल्हाडीह में चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 और महिला सशक्तिकरण केंद्र का जागरूकता अभियान, बच्चों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

ज्ञात हो कि चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 (जिला बाल संरक्षण इकाई) एवं महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेल्हाडीह में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बच्चों के अधिकार, सुरक्षा, बाल विवाह, बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं समान अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश भी प्रसारित किया गया। बच्चों को बालिकाओं के सम्मान, शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में समाज की सहभागिता के महत्व से अवगत कराया गया।बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निबंध, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधान पाठक श्रीमती भारती साहू, जिला मिशन समन्वयक श्रीमती सूनि शुक्ला, परियोजना समन्वयक चाईल्ड हेल्पलाईन गजानंद दास, जेण्डर विशेषज्ञ सतीश नेताम, श्रीमती सुशीला जोशी, चाईल्ड लाईन काउंसलर अमितेश प्रजापति, चाईल्ड लाईन पर्यवेक्षक सुश्री सुनीता महंत, चाईल्ड लाईन केस वर्कर विष्णु प्रसाद, केशव प्रसाद एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

नाबालिग से अनाचार के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



नाबालिग से अनाचार के मामले में थाना बिर्रा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 सितंबर को पीड़ित परिवार ने थाना बिर्रा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई है और किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने बालिका को सकुशल बरामद किया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी आदित्य कुमार मांझी द्वारा नाबालिग बालिका को दूसरे राज्य तेलंगाना के मलकापुर, थाना छोटूपल, जिला नालगोंडा ले जाया गया था। वहीं से बालिका को आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया। इस पर आरोपी के विरुद्ध बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

